


# इयान की सैर

## आटिज्म के बारे में कहानी

लौरी, चित्र : कैरेन हिंदी : विदूषक



आज का दिन बहुत सुहाना है. आज मैं अपनी बड़ी बहन तारा के साथ पार्क में जाकर, बत्तखों को दाना खिलाऊंगी. पर एक ही मुश्किल है – मेरा भाई भी हमारे साथ आना चाहता है.

“अरे इयान तुम घर पर ही क्यूं नहीं रुकते?” मैंने कहा. इयान ने कोई जवाब नहीं दिया, क्यूंकि वो एक “विशेष” बालक है – उसे “आटिज्म” है. फिर उसने अपनी उँगलियों को कांच पर ठोका और हल्की आवाज़ में रोना शुरू किया.


“चलो, ठीक है इयान,” मैंने कहा.


“क्या वो हमारे साथ जा सकता है?” मैंने माँ से पूछा.

“हाँ,” माँ ने कहा. “पर तुम्हें पूरे समय उसका ध्यान रखना पड़ेगा. क्या तुम वो कर सकोगी?”

“मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगी,” मैंने कहा.

तारा ने भी अपना सिर हिलाया. “पर तुम उसका हाथ पकड़कर रखना, जूली,” उसने मुझसे कहा.




POWER POPS

इयान का दिमाग बाकी लोगों के मस्तिष्क जैसे काम नहीं करता है. इयान, चीज़ों को अलग ढंग से देखता है ....

जब हम नैन रेस्टोरेंट के सामने से गुज़रे तो इयान अन्दर जाकर हल्के-हल्के घूमते सीलिंग फैन को निहारता रहा. वहां कई वेटर्स, प्लेट्स में खाने का सामान और आइसक्रीम ले जा रहे हैं. पर इयान की उनमें कोई रूचि नहीं थी.

“चलो हम एक सोडा पीते हैं!” मैंने कहा. पर इयान लगातार टकटकी लगाए उसी पंखे को ही देखता रहा. अंत में मुझे उसको दरवाज़े से बाहर खींचकर लाना पड़ा.





EARLY
Special
$2.49
BEARS
BEARS
BEARS
BEARS




इयान, चीज़ों को बिल्कुल अलग तरीके से सुनता है ....

अगर कोई फायर-ब्रिगेड का इंजन, ज़ोरदार सायरन बजाता हुआ उसके सामने से गुज़रे, तो भी इयान का ध्यान उसकी ओर नहीं जाएगा.

पर अचानक वो अपना सिर एक ओर घुमाएगा, जैसे कि वो कुछ सुन रहा हो. पर वो आवाज़ मुझे बिल्कुल सुनाई नहीं देगी. "जल्दी करो!" कहकर मैंने इयान का हाथ खींचा.




इयान, चीज़ों को बिल्कुल अलग तरीके से सूंघता है .....

मिसेस पॉटर की फूलों की दुकान में मैं, बकायन के हल्के नीले, खुशबूदार फूलों का एक गुलदस्ता इयान के मुहं के पास लाई. पर इयान ने अपनी नाक बिचकाकर मुंह को दूसरी ओर फेर लिया.

पर जब हम पोस्ट-ऑफिस के सामने से गुज़रे तब इयान ने अपनी नाक को, गर्म दीवार के पास ले जाकर उसकी लाल ईंटों को सूंघा.

“बंद करो!” मैंने कहा. “वैसा करने से तुम बेवकूफ लगोगे!” और इससे पहले कि कोई देखे मैं इयान को वहां से आगे ले गई.







इयान, चीज़ों को बिल्कुल अलग ढंग से महसूस करता है ....

तालाब के किनारे, मैंने एक मुलायम पंख लेकर इयान की ठोड़ी के नीचे गुदगुदी की. वो चीखा और उसने पंख को दूर हटाया.

पर जब तारा और मैंने बत्तखों को चुग्गा डाला, तो इयान ज़मीन पर करवट के बल लेटा और उसके गाल कठोर पत्थर से दबे रहे.

“चलो, यहाँ से उठो, इयान,” मैंने उसका हाथ पकड़कर कहा. “कहीं कोई गलती से, तुम पर अपना पैर न रख दे!”






इयान, चीज़ों को बिल्कुल अलग ढंग से चखता है ....

जब हम एक खाने की स्टाल के पास से गुज़रे तो इयान का डबलरोटी, पिज़्ज़ा, सैंडविच आदि पर ध्यान ही नहीं गया.

पर वो मेरे बस्ते में कुछ बचे हुए “कॉर्नफ़्लेक्स” खाना चाहता था.

“तारा और मैं दोपहर लंच में “कॉर्नफ़्लेक्स” नहीं खाना चाहते हैं,” मैंने इयान से कहा. “चलो मेरे साथ, हम लोग पिज़्ज़ा खरीदकर खायेंगे.”

पर इयान की पिज़्ज़ा में कोई रूचि नहीं थी. वो एक-एक करके “कॉर्नफ़्लेक्स” चबाता रहा.


कभी-कभी मुझे इयान पर बहुत गुस्सा आता है!


DONUTS
BEARS
BEARS
BEARS
BEARS

"मैं पिज़्ज़ा लेकर आती हूँ," तारा ने कहा. "तुम इयान के साथ यहीं रुको, जूली."

मैं बेन्च पर बैठकर इंतज़ार करती रही. "मेरे पास आकर बैठो, इयान," मैंने कहा. पर इयान ने बस अपना हाथ हिलाया और मेरी बात पर उसने कोई ध्यान नहीं दिया.





कुछ देर बाद तारा दो प्लेट पिज़्ज़ा लेकर आई.

“इयान, कहाँ है?” उसने पूछा.

मैंने उस जगह को घूरा जहाँ इयान खड़ा था .... पर अब इयान वहां नहीं था!


मैं कुछ समय के लिए एकदम घबरा गई. हे भगवान! मैं हिल भी नहीं पाई.



तारा दौड़कर एक महिला के पास गई. "क्या आपने नीली शर्ट पहने एक लड़के को देखा है?" उसने रोते हुए पूछा.

महिला ने अपना सिर हिलाया. "शायद वो पार्क के बाहर फुटबाल का खेल देखने चला गया हो," महिला ने कहा.


पर इयान की फुटबाल में, कोई रूचि नहीं थी.



तभी मुझे कंधे पर छोटी बच्ची उठाए एक आदमी दिखाई दिया. “क्या आपने एक लड़के को देखा है जो देखने में कुछ खोया-खोया सा लगता हो?” मैंने उससे दबे स्वर में पूछा.

“नहीं,” उसने उत्तर दिया. “हम एक कहानी-वाचक के पास जा रहे हैं. शायद वो लड़का भी वहां कहानियां सुन रहा हो.”

पर इयान को कहानियों में कोई दिलचस्पी नहीं थी.






तारा, इयान को खोजने के लिए इधर-उधर दौड़ी. मैंने अपनी आँखें बंद करके कुछ क्षण के लिए इयान जैसे सोचने की कोशिश की.


इयान को गैस के गुब्बारे वाली मशीन बहुत पसंद थी. उसमें तेज़ी से, आवाज़ करती हुई गैस निकलती थी और रंग-बिरंगे, अलग-अलग आकारों के गुब्बारों को फुलाती थी.

इयान को पीने के पानी का नल भी बहुत पसंद था. वो अपने चेहरे को नल के बहुत पास ले जाता और फिर नल से निकलती हुई धार को अपनी आँखों के सामने से बहते हुए देखता.

तभी अचानक, पार्क के बीच में लगी पुरानी घंटी, ज़ोर-ज़ोर से *टन, टन, टन* करके बजने लगी. तभी मुझे याद आया कि इयान को वो घंटी भी बेहद पसंद थी.




फिर मैं तेज़ी से पार्क के बीच वाली घंटी की तरफ़ भागी. इयान वहीं पर था! वो घंटी के नीचे आराम से लेटा था और ज़ोर-ज़ोर से घंटी की रस्सी खींच रहा था. मैंने उस कसकर अपने कलेजे से लगाया, पर इयान पर इसका कोई ख़ास फर्क नहीं पड़ा.



तभी झूलों के पास में मुझे तारा दिखाई दी. मैंने उसे आवाज़ देकर बुलाया. वो दौड़ी-दौड़ी हमारे पास आई और उसने हम दोनों को, अपनी बाहों में लपेटा.






"अब हम घर वापिस जायेंगे – पर उस तरह, जो तुम्हें पसंद है!" मैंने इयान से कहा.

लौटते वक्त हम पहले तालाब के पास रुके और वहां इयान ने, कुछ देर पत्थरों से खेला. उसने उन्हें रास्ते पर एक सीधी लाइन में सजाया. मैं उतनी देर सड़क पर ही खड़ी रही कि कहीं कोई गलती से इयान की उँगलियों पर पैर न रख दे.





फिर हम मिसेज पॉटर की फूलों वाली स्टाल को पार करते हुए सीधे पोस्ट-ऑफिस गए. इयान ने वहां रूककर गर्म ईंटों को सूंघा. अब अगर किसी इंसान ने, इयान को यह करते हुए देखा भी होता, तो उससे मुझे कुछ फर्क नहीं पड़ता.

जब इयान ने कोने पर रूककर कुछ सुना – जो मुझे सुनाई नहीं दिया, तो भी हम वहां आराम से रुककर, उस आवाज़ को सुनने की कोशिश करते रहे.





नैन रेस्टोरेंट में इयान ने सीलिंग फैन को इतनी देर तक ताका कि अंत में मेरा सिर ही चकराने लगा.



अंत में हम घर वापिस पहुंचे. मैंने कहा, “क्यूं? घूमने में मज़ा आया, इयान.” फिर एक क्षण के लिए इयान मुझे देखकर मुस्कुराया.

# इयान की सैर

## आटिज्म के बारे में कहानी

लौरी, चित्र : कैरेन हिंदी : विदूषक

जूली को पार्क में घूमने जाना है. पर क्या वो अपने भाई इयान को साथ में लेकर जाए? क्यूंकि उसके भाई को आटिज्म – एक मानसिक विकलांगता थी.

इयान, हर चीज़ को अलग ढंग से करता है. स्थानीय रेस्टोरेंट में इयान की रूचि आइसक्रीम और सैंडविच में नहीं है. वो वहां बस सीलिंग फैन को धीमे-धीमे घूमते हुए देखता है. पार्क में उसे पंख की गुदगुदी पसंद नहीं आती पर कठोर ज़मीन पर उसे अपने गाल टिकाकार लेटने में मज़ा आता है.

जूली के लिए इयान को समझना मुश्किल है. पर जब वो पार्क में खो जाता है तब जूली दुनिया को, अलग नज़र से देखने का मतलब समझती है. वो कुछ क्षणों के लिए दुनिया को इयान के नज़रिए से देखती है, और अंत में वो खोये इयान को खोज पाती है.